जयपुर।
बेरोजगारों और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हिमाचल के उच्च शिक्षा विभाग के लिए अच्छी खबर है। हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग जूनियर ऑफिस असिस्टेंट के 300 पद भरे जाएंगे।

पद भरने का प्रस्ताव आने वाली कैबिनेट बैठक में रखा जा सकता है। मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलते ही इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
संविदा पर भरे जाएंगे पद: निदेशालय ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट के इन पदों को भरने के लिए एक प्रस्ताव सरकार को भेजा है। सरकार स्तर पर इन पदों को भरने की मंजूरी भी मिल गई है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि आने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव ले जाया जाएगा।

इन पदों को अनुबंध आधार पर भरा जाएगा। यह होगी न्यूनतम योग्यता इन पदों के लिए आवेदन करने की न्यूनतम योग्यता ग्रेजुऐशन होगी। किसी भी सब्जेक्ट से ग्रेजुएट ही इन पदों के लिए आवेदन कर पाएंगे।